आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 05.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग ज्योलीकोट कर्णप्रयाग हाईवे का चौड़ीकरण किया जाएगा।
- प्रदेश में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- बागेश्वर जिले में प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले का आज पोस्टर और टीजर का विमोचन किया गया।
- निकाय चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी समेत निर्दलीय प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं।
- मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश के आसार।

केंद्रीय राज्य मंत्री

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि जल्द ही कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग ज्योलीकोट कर्णप्रयाग हाईवे का चौड़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के बनने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी और उन्हें ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए नेपाली फार्म से नटराज चौक होते हुए ढालवाला तक एलिवेटेड सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है।

आयुष्मान कार्ड

प्रदेश में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये जानकारी देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड राज्य के एन.एफ.एस.ए./एस.एफ.एस.ए राशन कार्ड धारक लाभार्थी को जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्ड बनाने के दौरान आधार का प्रयोग केवल केवाईसी

के लिए किया जाता है। मुख्य सचिव ने बताया कि फर्जी कार्डों पर अंकुश लगाने के लिए एन.एच.ए की मदद से पहले से जारी आयुष्मान कार्डों का विश्लेषण व सत्यापन किया जाता है। भर्ती के दौरान आधार पर अंकित पते की प्रामाणिकता की जांच करने और मूल आधार कार्ड और राशन कार्ड मांगने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों को एडवाइजरी जारी की जा रही है। श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले लाभार्थियों के मामले में अधिक सतर्क रहने और मूल आधार कार्ड व राशन कार्ड मांगने के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों को निर्देश दिए जा रहे हैं।

उत्तरायणी मेले का पोस्टर

बागेश्वर जिले में सरयू–गोमती के संगम पर 13 जनवरी से आयोजित होने वाले उत्तराखंड के प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले का आज पोस्टर विमोचन और टीजर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि मेले को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने कहा कि मेले के शुभारंभ पर निकलने वाली झांकी में विभिन्न स्कूलों के अलावा पारम्परिक पोशाक में सांस्कृतिक दल शामिल होंगे। झांकी में आर्मी बैड भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा खेलों को बढ़ावा देने के लिए मेले में बैटमिंटन, बालीबाल, दंगल के साथ ही  रैम्प शो प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

कर्मचारी होंगे फिट

सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को फिट रखने के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने स्वास्थ्य संचार ऐप लांच किया है। इसके लिए आयुष विभाग के कर्मचारी सरकारी दफ्तरों में योग होल्डिंग लगाकर कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पहले चरण में आयुष मंत्रालय की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों में योग ब्रेक के होल्डिंग लगाने के साथ ही टेबल कैलेंडर दिये जा रहे हैं। कैलेंडर में योग के माध्यम से कर्मचारी को शरीर को फिट रखने के साथ ही खान–पान से संबंधित जानकारी

दी गई है। आयुष विभाग की डॉ. तुषिता बधानी ने बताया कि ऐप और कैलेंडर के जरिए कोई भी कर्मचारी पांच मिनट तक अपनी कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को फिट रखने से जुड़ी विभिन्न योग क्रियाएं कर सकता है।

निकाय चुनाव

प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी और निर्दलीय प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में प्रचार में जुटे हैं। इसके अलावा राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में जुटा हुआ है। इसके लिए पुलिस और अन्य विभाग लगातार चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दे रहे हैं। इसी क्रम में आज अल्मोड़ा के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने तहसील सभागार में नगर पालिका चिलियानौला के अध्यक्ष, वार्ड मेंबर प्रत्याशियों, एआरओ और जोनल मजिस्ट्रेट के साथ चुनाव संबंधी दिशा–निर्देशों को लेकर बैठक की। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि बैठक में सभी को व्यय लेखा के ब्यौरे समेत कई नियमों की जानकारियां दी गयी।

इको क्लब कार्यशाला

शिक्षकों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बागेश्वर में पर्यावरण अध्ययन विषय पर इको क्लब गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक रुचि पाठक ने बताया कि कार्यशाला में प्रशिक्षु शिक्षकों को कार्य अनुभव प्रक्रिया के माध्यम से पौधरोपण, पुष्पवाटिका निर्माण, विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों के उपयोग और उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि भविष्य में वे अपनी सीख अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकें।

संस्थान के प्राचार्य डीसी सती ने बताया कि इस पाठशाला के जरिए डीएलएड प्रशिक्षु और भावी शिक्षकों को प्रकृति से जोड़ने के साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।
कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे 68 प्रशिक्षणार्थियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शिलंग, चंदन, बांज, मूंगा सिल्क, च्यूरा, अखरोट और अन्य वृक्षों को लगाकर आत्मनिर्भर बनकर पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है।

मौसम

आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा। हमारी संवाददाता ने बताया कि मैदान से लेकर पहाड़ तक कई जगहों पर पाला पड़ने से सुबह–शाम के वक्त ठंड महसूस की जा रही है, वहीं उत्तरकाशी समेत प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में आज और कल बारिश व बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर उत्तरकाशी और प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना को देखते हुए सभी जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने कल के लिए टिहरी, पौड़ी, देहरादून और हरिद्वार जिलों में कहीं–कहीं पर आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई है। वहीं, हरिद्वार और उधमसिंह नगर में आज घना कोहरा छाया रह सकता है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की संभावना को देखते हुए पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।